खबर संक्षेप

## थाना टिकरिया पुलिस की तत्परता से जघन्य हत्या का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**मण्डला।** जिले के थाना टिकरिया क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 14 फरवरी 2026 को कूड़ामैली के पास मधुवन ढाबा समीप एक युवक का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। मृतक की पहचान सुमित काछी निवासी जबलपुर के रूप में हुई। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक मंडला श्री रजत सकलेचा द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर थाना प्रभारी टिकरिया को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी टिकरिया प्रदीप कुमार पांडेय के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान मृतक की पत्नी जमुना उर्फ कविता से पूछताछ की गई। प्रारंभिक जांच में उसने लूट की झूठी कहानी बताई, किन्तु सघन पूछताछ में खुलासा हुआ कि उसका पड़ोसी सूर्यकांत के साथ संबंध था। मृतक द्वारा आपत्ति किए जाने पर दोनों ने मिलकर हत्या की साजिश रची। योजना अनुसार 11 फरवरी की शाम मधुवन ढाबा के पास सूर्यकांत पहले से मौजूद था। विवाद के दौरान उसने क्रिकेट बैट से सुमित पर हमला किया। तत्पश्चात जमुना ने धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। घटना के बाद साक्ष्य छुपाने का प्रयास किया गया तथा थाना में भ्रामक सूचना दी गई। दिनांक 13 फरवरी को मृतक के भाई द्वारा गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराने एवं संदेह व्यक्त करने पर पुलिस ने गहन जांच कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है। गिरफ्तार आरोपी में जमुना उर्फ कविता काछी निवासी तिलवारा जबलपुर, सूर्यकांत त्रिपाठी निवासी सिहोरा जबलपुर शामिल रहे।

**के.डी. जाधव कुश्ती स्टेडियम (नई दिल्ली) में 15 फ़रवरी 2026 को हुआ आयोजन**

# 8 पहलवानों का खेलो इंडिया एसटी गेम्स 2026 में चयन

*** मंडला जिले के तीन पहलवान थे मध्य प्रदेश कुश्ती दल में शामिल।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

के.डी. जाधव कुश्ती स्टेडियम (नई दिल्ली) में 15 फ़रवरी 2026 को आयोजित 2nd Phase खेलो इंडिया अनुसूचित जनजाति (ST) कुश्ती ट्रायल में मध्य प्रदेश के पहलवानों ने उत्कृष्ट एवं सराहनीय प्रदर्शन करते हुए प्रदेश को गौरवान्वित किया।

महिला वर्ग 53 किग्रा- राधिका (5th रैंक क्वालीफाई), 57 किग्रा- संजना (7th रैंक क्वालीफाई), 59 किग्रा- चांदनी नरेटी (कांस्य पदक), पुरुष फ्रीस्टाइल 97 किग्रा- निखिल गोटिया (कांस्य पदक), पुरुष ग्रीको रोमन 67 किग्रा- हर्षित भलावी (7th रैंक क्वालीफाई), 87 किग्रा- गोपाल सिंगार (कांस्य पदक), 97 किग्रा- दिव्यांशु सरवटे (6th रैंक क्वालीफाई), 130 किग्रा- शिवा भलावी (रजत पदक), मंडला जिले की 59 किग्रा- चांदनी नरेटी कांस्य पदक प्राप्त कर क्वालीफाई की वही हर्षित भलावी (नैनपुर) एवं दिव्यांशु सरवटे (नारायणगंज) ने U-7 रैंक में स्थान प्राप्त कर क्वालीफाई किया । यह उपलब्धि मध्य प्रदेश कुश्ती जगत के साथ मंडला की जनजाति क्षेत्र की कुश्ती के लिए अत्यंत गर्व का विषय है ।

इस उपलब्धि में मध्य प्रदेश एमेच्योर कुश्ती संघ के अध्यक्ष- नारायण यादव , सचिव- सुरेश यादव, कोषाध्यक्ष- श्री ओम प्रकाश खत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमाशंकर पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद विश्वकर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष मंगल यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप कुमार कछवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष विजय चौधरी, गोविंद गुर्जर, विकास यादव, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंडला के जिला खेल अधिकारी विकास खडारकर, कुश्ती संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता, सुमंत उपाध्याय, डॉ प्रदीप कछवाहा, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अखिलेश, मंडला जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष सोनू भलावी, चंद्रशेखर सिंधिया, वाजिद खान, महादेव पहलवान, ओम प्रकाश चौकसे, मगन सोनी, रघुनंदन विश्वकर्मा, सुमित सोनी, दीपक चक्रवर्ती, राजुल जोतिषी, दुर्गा व्यायाम शाला अध्यक्ष रतन ठाकुर, बलवीर उईके, गुलाब मरदरिया, किशोर गुप्ता, नरेश सिंधिया, शिवम सिंधिया वासु, सतीश मरकाम, उमेश झरिया, शतुषार पहलवान, कुलदीप सिंधिया, महेश सिंधिया एवं योगेश कछवाहा, शिवराज कछवाहा, त्रिलोक चंद्र डोंगरे, करुणा मस्कोले, पंकज उसराठे एवं अन्य कुश्ती प्रेमियों में हर्ष व्याप्त है और इन्होंने खिलाड़ियों को बधाई प्रेषित की और उनके उज्वल भविष्य की कामना की ।



कुश्ती प्रेमी एवं कुश्ती के लिए समर्पित जिला कुश्ती संघ मंडला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सोनी ने कहा – "हम खिलाड़ियों को और आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराएंगे, ताकि जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर और भी शानदार प्रदर्शन कर सकें।" दिव्यांशु पहलवान का फेस टू की रैंकिंग प्रतियोगिता में क्वालीफाई होकर छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में नारायणगंज के क्षेत्र के साथ मंडला एवं मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगे । यह नारायणगंज विकासखंड के लिए कुश्ती के क्षेत्र में प्रथम सबसे बड़ी उपलब्धि है । जब हमारे क्षेत्र का पहलवान राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगा।

## कलेक्टर ने जिला स्तरीय ओलिंपियाड के विजेता छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला योजना भवन में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने जिला स्तरीय ओलिंपियाड प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 32 स्कूली छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया, इनमें कक्षा दूसरी से कक्षा आठवी तक के विद्यार्थी शामिल हैं। कलेक्टर द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थियों को बैग, शील्ड, वाटर बॉटल, लंच बॉक्स, ज्योमेट्री बॉक्स और प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि ओलिंपियाड जैसी प्रतियोगिताएं बच्चों में तार्किक क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। उन्होंने बच्चों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि आज के छोटे-छोटे प्रयास ही भविष्य में बड़ी सफलताओं का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने उपस्थित बच्चों से संवाद किया और उन्हें निरंतर सीखने व आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन किए जाएं ताकि जिले की प्रतिभाओं को बेहतर मंच मिल सके। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ एवं सचिन जैन, डीपीसी कुलदीप कठल सहित संबंधित अधिकारी, शिक्षकगण एवं अभिभावक उपस्थित थे।

इन विद्यार्थियों में कनक मरावी, सावित्री कुड़ापे, माधुरी मरावी, रागिनी उइके, साहिल कुर्राम, राधे यादव, अन्या विश्वकर्मा, विद्यांशी बिंझिया, सविता यादव, तुषार बरमन, सुमनेश्वर मार्को, शिल्पा साहू, रीता परते, विनायक भांवरे, नितिन कुमार लोधी, प्रवीण कुमार धुर्वे, यमुनादेवी धूमकेती, प्रवीण नाडा, आरूशी तेकाम, कल्पना भारद्वाज, क्रांति मार्को, तारा परस्ते, योगेन्द्र कुमार वरकड़े, अमीशा चौधरी, तनुज सरौते, संध्या ओयाम, भागरती सैयाम, राजेन्द्र कुमार धुर्वे, इशिका राजपूत, निशा झारिया, करन एवं मेनका मरावी शामिल है।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 17 फरवरी को

**मण्डला।** जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक 17 फरवरी को जिला योजना भवन में दोपहर 3 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन, मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, आशा कार्यक्रम, एन.सी.डी. कार्यक्रम, एम.पी. औषधी तथा आरोग्यम् मण्डला 2.0 की समीक्षा की जायेगी।

## विश्व हिंदू परिषद के सम्मेलन विभाग संगठन मंत्री ने सभी को किया संबोधित



**भुआबिछिया।** विगत दिवस दानीटोला प्रखंड (जनपद क्षेत्र बिछिया) में हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के विभाग संगठन मंत्री अरविंद जी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं कन्या पूजन के साथ हुआ। इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों, वरिष्ठजनों, मातृशक्तियों का तिलक वंदन से स्वागत किया गया। हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्य वक्ता अरविंद जी ने बतलाया कि प्राचीन समय में गोंड राजाओं द्वारा मूर्ति पूजा एवं मन्दिर निर्माण की श्रद्धापूर्वक गौरवशाली परम्परा रखी गई, जिसके अंतर्गत बूढी खेरमाई जबलपुर का लगभग 1500 वर्ष पुराना इतिहास गोंडवाना काल में गोंड जनजाति और उनके शासकों द्वारा स्थापित किया गया था, जो इसे ग्राम देवी (खेरदाई) के रूप में पूजते थे। पौराणिक महत्व अनुसार कहा जाता है कि एक युद्ध में मुगल सेना से पराजित होने के बाद, गोंड राजा ने यहाँ आराधना की और फिर से अपनी शक्ति प्राप्त कर विजय प्राप्त की। गोंडवाना राज्य में मन्दिर एवं मूर्ति परम्परा आदिकाल से चल रही है। महारानी दुर्गावती (16वीं शताब्दी) ने जबलपुर के पास मदन महल किले के निकट और बरेला की पहाड़ी पर दो शारदा मंदिरों का निर्माण करवाया था। वे गढ़ा-मंडला राज्य की शासिका थी और उनके कार्यकाल में रानीताल, चेरीताल और अधारताल जैसे जल निकाय भी बनवाए गए। मदन महल किले के पास स्थित जल मंदिर व वीर बावड़ी भी उनके काल की प्रसिद्ध संरचनाएं हैं। महारानी दुर्गावती द्वारा निर्मित/संबंधित प्रमुख स्थल शारदा मंदिर (मदन महल, जबलपुर), मदन महल किले के नीचे के स्थान में रानी पूजा करने आती थीं। शारदा मंदिर (बरेला, जबलपुर) में पहाड़ी के ऊपर स्थित है। राजा हृदय शाह, महारानी दुर्गावती गढ मण्डला, राजा हरचंद्र, महाराष्ट्र जैसे अनेकों गोंड राजाओं द्वारा मन्दिरों का निर्माण एवं मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गयी है। सैकड़ों मन्दिर एवं मूर्तियाँ आज भी इसके प्रमाण हैं।

## महाशिवरात्रि में जगह-जगह शिव बारात एवं विशाल भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



जनपद नारायणगंज के अंतर्गत कुंभेश्वर घाट कुम्हा में नर्मदा परिक्रमा वासी दादा सत्यराम राजस्थान बालों की ओर से निरंतर भंडारे कराया जा रहा है महाशिवरात्रि के उपलक्ष में सभी दर्शन आरती को फरहरी भोग प्रसादी दी जा रही है भजन मंडली द्वारा महिला एवं पुरुष भजन की कीर्तन हो रहे है नर्मदा तट में शाम 7:00 बजे दादा जी द्वारा महा आरती का आयोजन दिया गया है जिसमें नारायणगंज के आसपास क्षेत्र के लोग इस महा आरती में शामिल होंगे दादा के दर्शन के लिए दूर-दूर के लोग आ रहे हैं नारायणगंज में जगह-जगह भगवान शिव की मंदिर में पूजा अर्चना एवं अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया है बस स्टैंड में दक्षिणी मुखी संकट मोचन हनुमान मंदिर में शंकर जी एवं शनिदेव के मंदिर में विशाल भंडारा किया जा रहा है राधा कृष्ण कुटी में विशाल भंडारा किया जा रहा है सोनी मोहल्ला नारायणगंज में भगवान शिव पार्वती गणेश कार्तिक की स्थापना की गई है जिसमें आसपास के मोहल्ले लोगों को सहयोग से विशेष पाठ का आयोजन किया गया है मैली कुटी में सुबह से भगवान शिव के मंदिर में दर्शन करने के लिए आसपास के क्षेत्र के लोग आ रहे हैं बहुत पुराना शिव मंदिर है जहां मां दुर्गा का मंदिर भी है पहाड़ी टेकरी में बना शिव मंदिर आसपास क्षेत्र की आस्था का केंद्र है वहां पर भी भगवान शिव की बारात निकाली गई एवं भंडारा किया गया थाना टिकरिया में शिव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई।

## राज्य स्तरीय पिट्टू महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता हेतु जबलपुर संभाग की टीम रवाना



**मण्डला।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष पिट्टू प्रतियोगिता हेतु जबलपुर संभाग की टीम प्रतियोगिता हेतु रवाना हो गई है, रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अनिल गुप्ता, क्रीड़ा अधिकारी डॉक्टर गुलबहार खान,डॉक्टर आशीष चतुर्वेदी, डॉक्टर अनूप परिहार, डॉक्टर नीलेश चौरे,डॉक्टर प्रशांत यादव की गहन निगरानी में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। टीम में अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खिलाड़ियों से सुसज्जित जबलपुर की संभाग टीम पिछले वर्ष भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता होने का गौरव हासिल किया था प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन करने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अनिल गुप्ता ने खिलाड़ियों को उत्साह वर्धन तथा खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया, टीम के मुख्य कोच डॉक्टर गुलबहार खान ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन देखते हुए आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास के साथ विश्वास दिलाया कि प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेंगें।

**समीक्षा** | **गेहूं उपार्जन, खाद प्रबंधन और जनकल्याण योजनाओं की समीक्षा(**

# संकल्प से समाधान अभियान के आवेदनों का समयबद्ध करें निराकरण

*** टीएल बैठक में कलेक्टर के सख्त निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला मुख्यालय स्थित जिला योजना भवन में आयोजित साप्ताहिक टीएल बैठक में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी गंभीरता और समय-सीमा में किया जाए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि "संकल्प से समाधान" अभियान का दूसरा चरण प्रारंभ हो चुका है। ऐसे में प्रथम चरण में प्राप्त सभी आवेदनों का शीघ्र और संतोषजनक निराकरण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी भी आवेदन को लंबित न रखा जाए और निराकरण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि आमजन को वास्तविक लाभ मिल सके।

बैठक में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तैयारियों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री संतराम भलावी ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए किसान पंजीयन 7 मार्च 2026 तक किया जाएगा। जिले में कुल 36 पंजीयन केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां किसान अपना पंजीयन करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि सभी पंजीयन केंद्रों को शासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।



कलेक्टर श्री मिश्रा ने नागरिक आपूर्ति निगम, कृषि, सहकारिता और खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे हर सप्ताह संयुक्त बैठक कर कृषि से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करें। इसमें समर्थन मूल्य पर उपार्जन की तैयारियाँ, खाद की उपलब्धता और वितरण, भंडारण व्यवस्था तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन दुकानों से खाद्यान्न वितरण की स्थिति की नियमित समीक्षा शामिल रहेगी।

बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे आवासों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि यह केंद्र शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील योजना है, इसलिए इसमें प्राथमिकता के साथ कार्य किया जाए और सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर आवास उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समय-सीमा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर-कमिश्नर चर्चा के बिंदुओं पर भी विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपनी-अपनी रैंकिंग का आकलन करें और जिन क्षेत्रों में प्रदर्शन कमजोर है, वहां सुधारात्मक कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही प्रशासन का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीना, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, हुनेन्द्र घोरमारे, सचिन जैन, आशुतोष महादेव ठाकुर एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम खटोला में ग्रामीण स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का सफल आयोजन

**मण्डला।** दिनांक 16 फरवरी 2026 को ग्राम खटोला में पुलिस विभाग (हॉक फोर्स) के तत्वावधान में जिला मंडला एवं संपूर्ण मध्यप्रदेश के नक्सल-मुक्त होने के उपलक्ष्य में ग्राम स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। फाइनल मैच में कड़े एवं रोमांचक मुकाबलों के उपरांत मझीपुर टीम विजेता रही, जबकि खटोला टीम उपविजेता घोषित हुई। समापन अवसर पर पुलिस अधीक्षक मंडला श्री रजत सकलेचा महोदय द्वारा में युवाओं को नशा-मुक्त जीवन अपनाने, स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु हेलमेट पहनने हेतु प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता टीमों के कप्तानों को साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को हेलमेट पुरस्कार स्वरूप देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसडीओपी बिछिया सौरव तिवारी, हॉक निरीक्षक अतुल शुक्ला, थाना प्रभारी बिछिया रंजीत सैयाम, स्थानीय सरपंच, एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत धौरगांव जनपद पंचायत मंडला जिला-मण्डला**

क्रमांक/ग्रा./प./Q/2026 दिनांक /02/2026

-: नीलामी सूचना:-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है ग्गाम पंचायत धौरगांव के जर्जर आंगनबाड़ी भवन केनद्र कमांक 165/291 एवं जर्जर प्राथमिक शाला भवन अनुपयोगी घोषित है। उपरोक्त दोनो भवनो की नीलामी दिनांक 18/02/2025 को कार्यालय ग्राम पंचायत भवन में समय 12 बजे से आयोजित किया गया है। इच्छुक बोलीदार नीलामी में भाग ले सकते है।

सरपंच, ग्राम पंचायत धौरगांव, जनपद पंचायत मण्डला — संचिव, ग्राम पंचायत धौरगांव, जनपद पंचायत मण्डला

**कार्यालय ग्राम पंचायत धौरगांव जनपद पंचायत मंडला जिला-मण्डला**

क्रमाक/ग्रा./पंण9/Q/2026 दिनांक:- /02/2026

-: निवदा सूचना:-

समस्त निविदा कर्ताओं को सुचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन निर्माण एवं आंगनबाड़ी निर्माण कार्य व समस्त पक्के निर्माण कार्यों के लिए लोहा, सीमेंट, रेत, गिट्टी, दरवाजा, खिड़की आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकर्ता वेण्डर / सप्लायर जिसकी फर्म का जीएसटी रजिस्टर्ड हो निविदा प्रकाशित दिनांक से 7 दिवस के अंदर कार्यालीन दिवसों में बंद लिफाफे में अपना निविदा ग्राम पंचायत कार्यलयीन समय पर प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रदाय बिल में जीएसटी टिन वाले बिल देना अनिवार्य होगा एवं प्रदाय की जाने वाली सामग्री के देयक में टी.डी.एस कटौती कर राशि का भुगतान किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय ग्राम पंचायत धौरगांव में सम्पर्क करें।

सरपंच, ग्राम पंचायत धौरगांव, जनपद पंचायत मण्डला — संचिव, ग्राम पंचायत धौरगांव, जनपद पंचायत मण्डला

**कार्यालय ग्राम पंचायत पोंडी जनपद पंचायत निवास जिला-मण्डला**

निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत पोंडी जनपद पंचायत निवास जिला मण्डला मप्र द्वारा जीपीडीपी 15 वा वित्त 5 वा वित्त, पंच परमेश्वर विधायक निधि एवं सांसद निधि व अन्य योजना से स्वीकृति होने वाले कार्यों के लिए निम्नलिखित सामग्रियों की आवश्यकता है। जैसे सीमेन्ट, लोहा, गिट्टी (6,10,20,30,40) एवं बोल्डर शामिल, सेंटिंग (वर्ग फिट में), हार्डवेयर, इलेक्ट्रानिक (बिजली फीटिंग) पीव्हीसी पाइप एवं ईट आदि सामग्री ग्राम पंचायत अंतर्गत निर्माणाधीन स्थल पर पहुंचाकर प्रदान करने हेतु इच्छुक सप्लायर द्वारा विक्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

नोट:- निविदा प्रकाशित दिनांक से 5 दिवस के अंदर कार्यालीन समय पर बंद लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचायत पोंडी मे जमा कर सकते है। निविदा संबंधित अधिक जानकारी के लिए ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती है। (1) सामग्री प्रदाता का जीएसटी पंजीयन होना आवश्यक है। (2) संबंधित फर्म का स्थानीय निकाय द्वारा जारी बेबाकि प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। निविदा से संबंधित अन्य शर्तें कार्यालय समय में ग्राम पंचायत पोंडी मे देखी जा सकती है

सरपंच-दशरथ लाल सोयम — सचिव-मान सिंह तेकाम

# शिवधाम डमरूघाटी मेले में दूसरे दिन भी रही भक्तों की भीड़





हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। महाशिवरात्रि पर्व आराधना के दूसरे दिन कल सोमवार को जहां लोगों द्वारा भगवान शिव पूजन करते हुये अपना व्रत तोड़ा गया। वही पूजन के उपरांत शहरवासियों में भक्ति का रस देखने मिला, जिसके चलते उत्साहित शहर, क्षेत्र के गांवो सहित के श्रद्धालु बड़ी संख्या में डमरूघाटी पहुंचे। क्योंकि शिवरात्रि का दूसरा दिन सोमवार होने से इस दिन भगवान शिवजी की पूजा का महत्व होता है और भगवान शिवजी व माता पार्वती की पूजन करने वालों की भीड़ देखने मिली जिसके चलते शिवधाम पहुंचे हुए भक्तों ने भगवान शिव के दर्शन कर विधिविधान से पूजन कर डमरूघाटी के पास शक्कर नदी की रेत में भरे हुये मेला घूमने का आनंद लिया। वही उक्त विशाल मेले में महिलाओं ने घरों में उपयोग आने वाले सामान, श्रृगांर सामग्री, धार्मिक पुस्तकों की जमकर खरीददारी की तथा बच्चो ने मुस्कराते हुए रंग बिरंगे खिलौने खरीद फुल्की, आईस्क्रीम, मिठाईयॉ खाने का जी भरकर लुत्फ लिया तथा इस मेले में श्रद्धालु पुरूष, युवा भी मौज मजा करते देखे गए। वही दूसरी ओर आज मंगलवार का दिन होने के साथ साथ स्नानदान अमावस्या के चलते शिवधाम डमरूघाटी में भीड़ उमड़ने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। वैसे भी देखा जावे तो हर मंगलवार को पूजन अर्चन करने के लिये लोग पहुंचते है। मगर शिवरात्री के पर्व होने के साथ साथ स्नानदान अमावस्या के चलते आज भारी भीड़ की संभावना जताई जा रही है। गौरतलब है कि हर वर्ष महाशिवरात्रि पर्व की पावन बेला में शहर के डमरूघाटी शिवधाम में भरने वाला मेला हर वर्ष बड़ा रूप लेते हुये देखा जा रहा है। जिसके चलते इस मेले में जहां दूर दूर से दुकानदार अपनी दुकाने लेकर पहुंचते है। वही अनेक मनोरंजक सामग्री वालों द्वारा भी अनेक प्रकार के मनोरंजन संबंधी कार्यक्रम लेकर आते है। इस मेले में श्रद्धालुओं को लुभाने वाली अनेक वस्तुओं की दुकानें सजी हुई है तथा मेला परिसर में लगे झूलें, चकरी सहित अन्य प्रकार की सामग्री बच्चो के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। इसके अलावा नपा. क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस महाशिवरात्रि मेले में बेहतर व्यवस्थाएँ की गयी थी। इस तरह प्रतिवर्ष देखा जाता है कि मेला का आनंद लेने के लिये शिवरात्रि के दूसरे दिन ग्रामीण क्षेत्रों की जनता अधिक मात्रा में पहुंचती है। कुछ इसी प्रकार का हाल इस वर्ष भी देखने मिला जिसके चलते शिवरात्रि के दूसरे दिन भी शक्कर नदी में लगे हुये इस मेले में पूरे दिन भीड़ भाड़ का आलम दिखाई पड़ा। ज्ञात हो कि पहले इस मेले का आयोजन शिवधाम के पास स्थित शिवांगन कालोनी में किया जाता था। जहां पर बाहर से आने वाले दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। वही आमजन भी मेले में जगह की कमी के चलते परेशान होते हुये देखे जाते है। इस सच्चाई को हरिभूमि द्वारा लगातार उजागर करते हुये शिवरात्री पर लगने वाले इस मेले को शक्कर नदी पुल के नीचे लगाने की आवाज उठाई जाती रही थी। इस तरह हरिभूमि द्वारा उठाई जाने वाली इस मांग को शिवधाम डमरूघाटी समिति द्वारा शायद गंभीरता से लेने की जरूरत नही समझी गई थी। मगर उस समय गाडरवारा में पदस्थ रहे तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी राजेश शाह द्वारा हरिभूमि की आवाज को गंभीरता से लिया गया और तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी राजेश शाह की पहल पर वर्ष 2020 से इस मेले की शुरूआत शक्कर नदी पुल के नीचे की गई तो लोगों के लिये जहां यह मेला आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूक पाया था और हर साल इस मेले के स्वरूप में इजाफा होते हुये दिखाई देने की शुरूआत होने के चलते इस मेले का हर साल बडा रूप होते हुये चला जा रहा है। इस वर्ष जिस तरह शिवरात्रि के मेले का स्वरूप देखने मिला है वह निश्चित तौर से इस बात का संकेत देने से नही चूक रहा है कि आने वाले कुछ वर्षो में यह मेला और बडा रूप धारण करने से नही चूक पायेगा..? वही दूसरी ओर मेले में दूर दूर से अपनी दुकाने लेकर आये हुये दुकानदारों ने हरिभूमि से चर्चा करते हुये कहा कि यदि इस मेले में बढ़ोत्तरी हो जाती है तो इस मेला बरमान के मेले जैसा होने से नही चूक पायेगा। सागर से आये हुये एक व्यापारी ने बताया कि हम इस मेले के लिये अपनी दुकाने लेकर आते है। मगर सिर्फ एक या दो दिन को होने के कारण अधिकांश राशि आने जाने के भाडे में ही खर्च हो जाती है। यदि यही मेला 7 दिन तक चलने के साथ रात के समय कोई धार्मिक आयोजन शुरू हो जावे तो निश्चित तौर से हम लोगों की आने जाने की मेहनत निकल सकती है। क्योंकि यह महिना कृषि कार्य का होता है जिसके चलते दिन में कम ही लोग मेले में आते है। यदि मेले की अवधि सात दिन तथा रात के समय समिति धार्मिक आयोजन जिसमें मुख्य रूप से यज्ञ व प्रवचन जैसे कार्यक्रम शुरू कर दे तो निश्चित तौर मेले का स्वरूप बदलने से नही चूक पायेगा और यह शक्कर नदी में लगने वाला मेला अपना इतिहास बनाने से नही चूकेगा। वही दूसरी ओर बडा झूला लेकर आये लोगों का कहना है कि शिवरात्रि पर लगने वाले इस मेले के लिये हम लोग हर वर्ष आते है। मगर सिर्फ एक या दो दिन का रहने के कारण हम लोगों को झूला लेकर आने जाने में काफी राशि खर्च हो जाती है। यदि इस मेले के दौरान आयोजन समिति द्वारा हर वर्ष किसी यज्ञ या फिर शिव पुराण का आयोजन कर देवे और रात के समय अच्छे प्रवर्चन करने वालो को बुलाया जाने लगे तो निश्चित तौर से इस मेले का आयोजन सात दिन तक भीड़ के साथ चलता रहेगा और मेला बड़ा रूप धारण कर सकता है

## खबर संक्षेप

### उधारी के पैसा मांगने पर कर दी पिटाई

गाडरवारा। समीपस्थ ग्राम आमगांव छोटा निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्जकराते हुये बताया है कि मैने अपने गांव के राजेश वर्मा को एक दिन के लिये 12 सौ रूपया उधार दिये गये थें। जब वह बाजार में मिला तो वह प्रार्थी द्वारा वह उधारी के पैसा राजेश से मांगे जाने पर वह गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### बाइक सबारों को कार ने मारी टक्कर

गाडरवारा। पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कौड़िया निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह अपने दोस्त देवा काले व गौकरण साहू के साथ मोटर साईकिलक्रमांक MP20-ZM-5591 पर सबार होकर नरसिंहपुर से कौड़िया आ रहा था उसी दौरान कौडिया पुलिया के पास एक कार क्रमांक MP20-ZG-3687 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक अपनी कार को चलाते हुये मोटर साईकिल में टक्कर मार दी गई

# शिवपुरी में घटित हुई अधिवक्ता के साथ हत्या की घटना के विरोध ने नगर के अधिवक्ताओं को कार्य से विमुख रहते हुये सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। प्रदेश के शिवपुरी जिले के करेरा अधिवक्ता संघ के साथी की हत्या को लेकर मध्य प्रदेश अधिवक्ता परिषद जबलपुर के आव्हान पर नगर के अधिवक्ता संघ द्वारा न्यायालीन कार्य से विरत रहते हुये प्रतिवाद मनाने के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौपा गया। सौपे गये ज्ञापन में उल्लेखित किया गया है कि बीते हुये 14 फरवरी को शिवपुरी जले अधिवक्ता साथी संजय सक्सेना को कोर्ट जाते समय यूनिफार्म में गोली मारकर उनकी निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई जससे संपूर्ण प्रदेश के अधिवक्ताओं में रोष व आक्रोश व्याप्त है। म प्र का अधिवक्ता संघ अपने आपको असहाय महसूस कर रहा है जो चिंता जनक है। हम अधिवक्ता लम्बे समय से अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिये राज्य शासन से एडव्होकेटस प्रोटेक्शन एक्ट की मांग कर रहे है। मगर इस ओर किसी तरह से शासन की द्वारा कोई प्रयास नही किये गये है। इस प्रकार से अधिवक्ताओं द्वारा आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग करने के साथ साथ अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिये शीघ्र कानून बनाये जाने की मांग फिर से उठाई गई है। ज्ञापन देते समय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हिमांशु दुबे, उपाध्यक्ष शंभुदायाल सराठे, सचिव सुनील गुर्जर सहित अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता भी मौजूद थें।

### किसानो को सिंचाई के लिये मिल रही महज चंद घंटे बिजली, इस स्थिति में कैसे उभर पायेगी अन्नदाता की जिन्दगी

हरिभूमि न्यूज/सांईखेडा। इस बात से इंकार जा रहा है कि बिजली विभाग द्वारा अपने बिलों की बसूली न की जावे वह तो बिजली बिलों की बसूली करने में कोई कसर न छोड़े मगर किसानों को बिजली भी तो उपलब्ध कराई जावे बगैर बिजली दिये हुये बिलों की बसूली क्या उचित है? क्योंकि इन दिनों बिजली विभाग द्वारा किसानों से बिलों की बसूली तो लगातार की जा रही है मगर उन्हें मात्र चंद घंटे बिजली उपलब्ध कराये जाने से वह अपनी जिन्दगी कैसे संभाल पायेगें। क्योंकि गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सांईखेडा सहित अनेक गांवों के किसानो को सिचाई के लिये महज चंद घंटे बिजली ही नसीब हो रही हे इससे अंदाजा लगाया जा सकता हे की किसान केसे अपनी फसलो की सिचाई कर पाते होगे इन ग्रामो के किसानो का कहना हे की बोहानी फीडर से उनके क्षेत्र की बिजली सफलाई जोड़ी गयी हे जो काफी लम्बी दुरी तय करती है जिसमें आये दिन खराबी होने के कारण बंद होने के बाद सुधार नही हो पाता है।



### शिवरात्रि के अवसर पर सांईखेड़ा पूर्णरूप सें शिव आराधना में डूबा रहा

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। जिस प्रकार से भगवान भोले नाथ का प्रमुख दिन माने जाने वाले शिवरात्रि का पर्व संपूर्ण क्षेत्र में बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इसी प्रकार से दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में भी शिव भक्तों द्वारा महाशिवरात्रि के मौके पर शिव मंदिरों में अनेक प्रकार के अनुष्ठान किये गये तथा गांवों में स्थित शिव मंदिर में अनेक जगहों पर महामृंत्यजय जाप का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने भाग लेते हुए शिव जी से अपनी कुशलता व रक्षा का आर्शीवाद ग्रहण किया। क्योंकि भक्तों की प्रार्थना से शीघ्र प्रसन्न होकर उनको मनचाहा बरदान देने वाले भगवान शिव जी की आराधना व उपासना का विशेष पर्व महाशिवरात्रि के चलते शहर में बडे ही धूमधाम के चलते धार्मिक आयोजन किये गये। क्योंकि सुबह से ही नगर के सुसज्जित देवालयों और मंदिरों में भोलेशंकर की पूजा, अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी हुई देखी जा रही थी। वही लोगों ने अपने घरों में भी अनंत सुख देने वाले भगवान शंकर की पूजा कर शिव चालीसा, शिवाष्ठक का पाठ करते हुए भगवान शिव से सुख समृद्धि तथा अभय का आर्शीवाद मांगा। वही दूसरी ओर दादा धूनी वालों के धाम पर भी भक्तों का दिन भर हुजूम लगा हुआ देखा गया, जहां पर सुबह से शाम तक व्रत रख बाबा की भक्ति में लीन श्रद्धालु पुरूष व माताओं सहित बहिनों ने पूजन अर्चन किया गया।

# निर्माणाधीन तहसील भवन का कलेक्टर ने किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जब किसी शासकीय भवन हो या फिर अन्य निर्माण कार्यो का जब समय समय पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अचानक पहुंचकर निरीक्षण किया जाता है तो उस निर्माण कार्य की गुणवत्ता में गड़बड़ी होने की संभावनाये कम हो जाती है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस जिला कलेक्टर द्वारा भी नगर में निर्माणाधीन तहसील कार्यालय भवन का निरीक्षण किया गया। बताया जाता है कि जिला कलेक्टर ने गाडरवारा में लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले नवीन तहसील भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुये उन्होंने भवन के नक्शे को देखते हुये आवश्यक सुधार के निर्देश दिए तथा गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोई गड़बडी नही होने की बात कहते हुये निर्माण कार्य समय-सीमा पूर्ण करने का विशेष ध्यान रखने बात कही गई। वही दूसरी ओर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत किए गए कार्यों का निरीक्षण किया और इस दौरान उन्होंने ऑनलाइन फीडिंग सहित संपूर्ण प्रक्रिया की प्रगति की जानकारी ली। संबंधित सभी कार्य पूर्ण पाए गए। वही आमगांव चौराहा में शहीद इंस्पेक्टर आशीष शर्मा की प्रस्तावित प्रतिमा स्थल का भी निरीक्षण करते हुये उन्होंने स्थल के समतलीकरण, सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था एवं यातायात सुगमता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती कलावती ब्यारे, तहसीलदार प्रियंका नेतामा, कानून गौ प्रभारी अवधेश पाठक, पटवारी अंकित जैन सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## पिता पुत्र के साथ मारपीट करते चोटे पहुंचाई



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जब किसी के मन में पुरानी रंजीश रहती है तो वह मौका मिलने पर बदला देने का प्रयास करने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम डुंगरिया में देखने मिली है जहां पर पुरानी रंजिश के चलते पिता पुत्र के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसा बीते हुये दिवस ग्राम डुगरिया निवासी गोलू पिता खुर्शीलाल कुशवाहा उम्र 32 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस पडौस में रहने वाला देवेन्द्र कुशवाहा पुरानी बुराई के चलते गंदी गंदी गालिया दे रहा था। इस बात को लेकर प्रार्थी के पिता खुर्शीलाल जब देवेन्द्र के घर समझाने के लिये गये तो वहां पर उसने प्रार्थी के पिता खुर्शीलाल के साथ लाठी मारते हुये चोटे पहुंचाई। वही आवाज सुनकर जब प्रार्थी अपने पिता को बचाने के लिये पहुंचा तो वहां पर लाल साहब कुशवाहा, उमा शंकर उर्फ ठिंगू कुशवाहा द्वारा प्रार्थी के साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### रेबीज संक्रमण की आशंका को देखते हुए कुछ सजग पशु पालकों ने तत्काल एंटी-रेबीज वैक्सीन लगवाई

# पुआरिया में पशु चिकित्सा विभाग मुस्तैदी से भ्रमण कर पुनः 25 पशुओं का किया गया टीकाकरण



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। समीपस्थ विकासखंड चीचली की ग्राम पंचायत पुआरिया में बीते हुये कुछ दिनों से पागल कुत्तों के आंतक का शिकार यहां के मासूम बच्चों सहित पशुओं को होते हुये देखे जाने के कारण संपूर्ण क्षेत्र में दहशत का महौल निर्मित होने से नही चूक रहा था। इस सच्चाई मीडिया द्वारा जब लगातार उजागर की गई तो प्रशासन द्वारा इस मामले को गंभीरता से लेते हुये अपनी ओर से कार्यवाही शुरू की गई है। वही पागल कुत्ते के हमले से उत्पन्न रेबीज के खतरे के बीच पशु चिकित्सा विभाग की तत्परता से स्थिति अब नियंत्रण में है। विभागीय टीम ने गांव में सघन भ्रमण कर प्रभावित पशुओं का परीक्षण किया और प्रभावित पशुओं का टीकाकरण किया गया। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. सुनील बृजपुरिया ने बताया कि करीब 15 दिन पूर्व देर रात के समय एक पागल कुत्ते ने गांव के करीब 8 से 10 छोटे- बड़े पशुओं को काट लिया था। इसी के चलते यहां पर रेबीज संक्रमण की आशंका को देखते हुए कुछ सजग पशु पालकों ने तत्काल एंटी-रेबीज वैक्सीन लगवाई थी। विशेषज्ञों के मुताबिक यदि श्वान पशुओं के शरीर के ऊपरी हिस्से या मुंह के समीप काटता है, तो वायरस तेजी से मस्तिष्क तक पहुंच सकता है। जिससे लक्षण शीघ्र प्रकट होते हैं। इस दौरान उन्होंने बताया कि 13 फरवरी को मिली सूचना के आधार पर पशु चिकित्सालय की टीम ने प्रभारी डॉ. महेंद्र पाल सिंह के मार्ग दर्शन में गांव पहुंचकर प्रभावित पशुओं की जांच की और आवश्यक टीकाकरण किया। इसके बाद रविवार 15 फरवरी को पुनः पशु चिकित्सालय का दल गांव पहुंचा और कुल 25 पशुओं को वैक्सीन लगाई गई। डॉ. सिंह ने बताया कि निर्धारित तिथियों तक यह टीकाकरण का कार्य आगे भी जारी रहेगा। चिकित्सा दल ने ग्रामीणों को सलाह दी कि यदि किसी संक्रमित पशु की मृत्यु हो जाए तो उसके शव को खुले में न छोड़ें। संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए शव को गहरे गड्ढे में पर्याप्त नमक के साथ दफनाएं। प्रभारी डॉ. महेंद्र पाल सिंह ने आश्वस्त किया कि वर्तमान में स्थिति सामान्य और नियंत्रण में है। पशु चिकित्सा विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है तथा प्रभावित पशुओं का उपचार जारी है।

# समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये गाडरवारा तहसील क्षेत्र में केन्द्रों का हुआ निर्धारण, सात मार्च तक किसान करा सकते हैं अपना पंजियन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। हर साल की भांति इस साल भी राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026- 27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं के उपार्जन के लिए किसान पंजीयन का कार्य 7 मार्च 2026 तक किया जाएगा। पात्र सहकारी/ विपणन समिति से प्राप्त प्रस्ताव अनुसार जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा पर कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने संपूर्ण जिले में कुल 67 पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया है। जारी आदेश के अनुसार इन केन्द्रो में गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था सिहोरा के तहत कार्यालय सेवा सहकारी संस्था सिहोरा, वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था गाडरवारा के तहत कार्यालय वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था गाडरवारा, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था गोटीटोरिया के तहत कार्यालय आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था चारगांव- गोटीटोरिया, सेवा सहकारी संस्था सीरेगांव के तहत कार्यालय सेवा सहकारी संस्था सीरेगांव, सेवा सहकारी संस्था इमलिया के तहत कार्यालय सेवा सहकारी संस्था इमलिया, वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था करपगांव के तहत कार्यालय वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था करपगांव, सेवा सहकारी संस्था कौडिया के तहत कार्यालय सेवा सहकारी संस्था कौड़िया, सेवा सहकारी समिति मर्या. डुंगरिया के तहत कार्यालय सेवा सहकारी समिति मर्या. डुंगरिया, सेवा सहकारी समिति लिंगा के तहत कार्यालय सेवा सहकारी समिति लिंगा, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सूरना के तहत कार्यालय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सूरना, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. हर्रई- गाडरवारा के तहत कार्यालय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. हर्रई- गाडरवारा, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति छैनाकछार के तहत कार्यालय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति छैनाकछार, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सिल्हेटी के तहत कार्यालय आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सिल्हेटी, बी- पैक्स समिति गोटीटोरिया के तहत कार्यालय बी- पैक्स समिति गोटीटोरिया, बी- पैक्स समिति मारेगांव के तहत कार्यालय बी- पैक्स समिति मारेगांव, बी- पैक्स समिति बारहाबड़ा के तहत कार्यालय बी- पैक्स समिति बारहाबड़ा, बी- पैक्स समिति कल्याणपुर के तहत कार्यालय बी- पैक्स समिति कल्याणपुर, सेवा सहकारी समिति पनारी के तहत कार्यालय सेवा सहकारी समिति पनारी, सेवा सहकारी समिति सडूमर के तहत कार्यालय सेवा सहकारी समिति सडूमर और बी-पैक्स समिति बरहटा के तहत कार्यालय बी- पैक्स समिति बरहटा को पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं। इसी प्रकार से तहसील सांईखेड़ा के अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था खुर्सीपार के तहत कार्यालय सेवा सहकारी संस्था खुर्सीपार, सेवा सहकारी संस्था आड़ेगांव के तहत कार्यालय सेवा सहकारी संस्था आड़ेगांव, सेवा सहकारी संस्था तूमड़ा के तहत कार्यालय सेवा सहकारी संस्था तूमड़ा, सेवा सहकारी संस्था नांदनेर के तहत कार्यालय सेवा सहकारी संस्था नांदनेर, सेवा सहकारी समिति मड़गुला के तहत कार्यालय सेवा सहकारी समिति मड़गुला, बी- पैक्स सांईखेड़ा के तहत कार्यालय बी- पैक्स सांईखेड़ा, बी- पैक्स देवरी के तहत कार्यालय बी- पैक्स देवरी, बी- पैक्स देवरी के तहत कार्यालय बी- पैक्स देवरी और बी- पैक्स पिपरियाकलां के तहत कार्यालय बी- पैक्स पिपरियाकलां को पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं। कलेक्टर ने जारी आदेश में कहा है कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुए उक्त पंजीयन केंद्र समितियां किसान पंजीयन कार्य समय सीमा में संपादित करेंगे। वही दूसरी ओर एमपी किसान एप के माध्यम से स्वयं कृषक कर सकता है अपना पंजीयन। जिला आपूर्ति अधिकारी कहना है कि इन समितियों के पंजीयन केन्द्रों में किसानों का पंजीयन निःशुल्क किया जाएगा। इसके अतिरिक्त किसान स्वयं अपने मोबाइल से एमपी किसान एप के माध्यम से भी अपना पंजीयन कर सकते हैं। किसान एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र, निजी व्यक्ति द्वारा संचालित सायबर कैफे के माध्यम से भी 50 रुपये सशुल्क देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। किसान द्वारा पंजीयन कराए गए रकबे का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा 10 मार्च 2026 तक की अवधि में समानांतर रूप से किया जाएगा।

### तलाक की बात को लेकर पति ने पत्नी से की मारपीट

गाडरवारा। नगर के बीजासेन वार्ड निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे पति से आये दिन झगडा विवाद होने के कारण मैने अपने पति से तलाक लेने के लिय 6 माह पहले न्यायालय में केस लगाया है जो न्यायालय में चल रहा है। लेकिन मेरे पति माधवन तलाक का केस वापस करने के लिये आये दिन धमकी देते हुये मारपीट करने से नही चूकता है। इसी प्रकार से बीते हुये दिवस मेरा पति माधवन सोनी कमरे में आकर कमरे का सामान फैकने लगा और गंदी गंदी गालिया देते हुये बाल पकड़कर प्रार्थिया के सिर को दीवार में मारते हुये चोटे पहुंचाई। घटना को लेकर पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया लिया गया है।

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम जाईखेड़ा निवासी अरूण पिता कालूराम ठाकुर उम्र 18 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह जब अपनी मोटर साईकिल से कही जा रहा था उसी दौरान ग्राम बेलखेड़ी के पास एक कार क्रमांकMP49C/8725 के चालक द्वारा अपनी कार को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर मार दी गई

# दम तोड़ रही युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाएं, बैकों में अटक रही फाईलें

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जहां एक ओर प्रदेश की सरकार द्वारा शिक्षित बेरोजगारो को रोजगार मुहैया कराने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि यह योजनाएं बैंको की मनमानी के चलते दम तोड़ रही है? गौर किया जावे तो अनेक रोजगार मूलक योजनाओं के आंकड़े बेहद चौकाने वाले है जो हर वर्ष बैंको की हठधर्मी की वजह से योजनाओं के लक्ष्य की पूर्ति नही हो पा रही है? ऐसे में युवा की जिन्दगी संभालने के लिये चलाई जाने वाली योजनाओं के नाम पर खुद को छला महसूस कर रहे है। स्वरोजगार पाने की खातिर अनेक युवा बैंको के चक्कर काट काट कर परेशान होकर थक गये है, वही दूसरी ओर देखा जावे तो शिक्षित बेरोजगारो की उम्मीदे दम तोड़नें लगी है? बैंको द्वारा सहयोग नहीं किये जाने से विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत ऋण प्रकरणो में से आधे हितग्राही भी लाभांवित नही हो पाते, बैंको में स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरण भेजने के बाद वहां से शिक्षित बेरोजगारो को ऋण मिलना टेडी खीर साबित हो रहा है? युवाओं द्वारा स्वरोजगार योजनाएं के लिए दिये गये आवेदन के संबंध में जब संबंतिध अधिकारियों से चर्चा की जाती है तो वहां पर बताया जाता हे कि उनके द्वारा प्रकरण तैयार करते हुए बैंकों में भेज दिया गया है, मगर बैको में अधिकारी बात करने के लिए भी तैयार नही होते है, जिसके चलते प्रदेश की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं लगातार फेल होती हुए जान पड़ रही है? सही मायने में देखा जावे तो युवाओं को लेकर सरकार द्वारा योजनाये संचालित करते हुये उन्हें पैरों पर खड़े करने की बात तो कही जाती है मगर वह मात्र एक औपचारिकता पूर्ण साबित होने से नही चूक पाती है।

### महिला को दी जान से मारने की धमकी

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ पतलोन गांधी वार्ड निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने घर पर अकेली थी उसी समय गांव के बल्ले सराठे के यहां मेहमानी में आये हुये बरहटा निवासी गोलू सराठे शराब के नशे में घर के सामने आकर गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थिया द्वारा गालिया देने से मना किया तो मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### मारपीट कर चोट पहुंचाई

गाडवारा। समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस सालीचौका के रेता मुहल्ला निवासी प्रिंस पिता राकेश अहिरवार उम्र 25 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह रात के अपने घर पर खाना खा रहा था उसी समय सुमित अहिरवार आया और गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार गाडरवारा वृत सिहोरा/करपगांव**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र.अ/6.... वर्ष 2025-26
मौजा कुसमी प.ह.नं. 139 रा. नि. मं. सिहोरा

सर्वसाधारण /आम जनता मौजा कुसमी प.ह.नं. 139 रा.नि.मं. सिहोरा तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर म.प्र. को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश कुमार आ. स्व. ओंकार प्रसाद दुबे निवासी गढ़ा जबलपुर द्वारा न्यायालय में इस आशय का आवेदन पत्र पेश किया गया है कि मौजा कुसमी प.ह.नं. 139 रा. नि. मं. सिहोरा स्थित भूमि ख.नं. 72/2 रकबा 2.395 है. भूमि आवेदक की मां श्रीमति रामकली बाई पत्नी स्व. ओंकार प्रसाद दुबे के नाम से राजस्व अभिलेखों में भूमिस्वामी दर्ज है। आवेदित भूमि की खातेदार श्रीमति रामकली बाई पत्नि स्व. ओंकार प्रसाद दुबे द्वारा अपने जीवनकाल में उक्त भूमि की नोटरीकृत वसीयत दिनांक 21/03/2022 को समक्ष गवाहन के आवेदक के पक्ष में निष्पादित की गई थी। आवेदक की मां श्रीमति रामकली बाई पत्नि स्व. ओंकार प्रसाद दुबे का स्वर्गवास दिनांक 21/08/2022 को हो चुका है। आवेदक द्वारा नोटरीकृत वसीयतनामा के अनुसार आवेदित भूमि से फौत वसीयतकर्ता का नाम खारिज कर अपना नाम राजस्व अभिलेखों दर्ज किये जाने का आवेदन किया गया है। इस संबंध में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य दस्तावेज के सहित अपनी दावा आपत्ति/आवेदन स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर नियत पेशी दिनांक 23/02/2026 तक न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। पेशी उपरांत प्राप्त दावा आपत्तियों पर न्यायालय द्वारा कोई विचार नही किया जायेगा एवं न्यायालय प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही हेतु तत्पर रहेगा।

आज दिनांक 16/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से यह ईस्तहार जारी किया गया
जारी दिनांक - 16/02/2026
पेशी दिनांक- 23/02/2026

शील

**नायब तहसीलदार गाडरवारा**
**वृत सिहोरा / करपगांव**

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट कार्य के लिए सिटी मिशन मैनेजर को प्रशंसा-पत्र



डिंडौरी। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने पीएम स्वनिधि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और उत्कृष्ट उपलब्धि पर सिटी मिशन मैनेजर, DUDA डिंडौरी, श्वेता तिवारी को प्रशंसा-पत्र प्रदान किया।जारी प्रशंसा-पत्र में उल्लेख किया गया है कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का व्यक्तिगत रुचि लेकर त्वरित निराकरण किया गया, जिससे हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सका। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के परिणामस्वरूप 9 फरवरी 2026 की स्थिति में जिले द्वारा 110 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर सराहनीय उपलब्धि हासिल की गई।कलेक्टर ने प्रशंसा-पत्र प्रदान करते हुए उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वे भविष्य में भी इसी निष्ठा और समर्पण भाव के साथ कार्य करती रहेंगी।जिला प्रशासन ने इस उपलब्धि को टीमवर्क और प्रभावी मॉनिटरिंग का परिणाम बताते हुए कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से जिले में रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को आर्थिक संबल प्रदान करने के ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

### व्यक्तिगत वनाधिकार पत्र से लाभान्वित हुई लहरी बाई, कलेक्टर ने सौंपा पट्टा



डिंडौरी। वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक में स्वीकृत दावे के आधार पर कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने कलेक्टर कार्यालय में वनग्राम सिलपिड़ी, ग्राम पंचायत चाड़ा के पात्र हितग्राही सुखराम पिता मुक्खी (आश्रित लहरी बाई) को समस्त रकबा सहित व्यक्तिगत वनाधिकार पत्र प्रदान किया।इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि वनाधिकार पत्र मिलने से पात्र हितग्राहियों को अपनी भूमि पर वैधानिक अधिकार प्राप्त होता है, जिससे उनकी आजीविका सुदृढ़ होती है। जिला प्रशासन द्वारा पात्र दावों के निराकरण की प्रक्रिया निरंतर जारी है, ताकि अधिक से अधिक वनवासियों को शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ मिल सके।कलेक्टर से मुलाकात के दौरान लहरी बाई ने अपने मिलेट्स भंडार से अनाज भेंट करते हुए बताया कि मिलेट्स का भोजन पोषणयुक्त होता है और स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।कार्यक्रम में एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेंद्र कुमार जाटव, उप संचालक कृषि अभिलाषा चौरसिया, संचालक आत्मा परियोजना नेहा धूरिया तथा हीरालाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्व-रोजगार योजनाओं में डिंडौरी अव्वल, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरे



डिंडौरी। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों के लिए संचालित स्व-रोजगार योजनाओं में जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति पर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।अनुसूचित जाति वर्ग के लिए संचालित संत रविदास रोजगार योजना के तहत जिले को 7 हितग्राहियों का लक्ष्य मिला था। इसके अनुरूप विभिन्न बैंक शाखाओं को 42 प्रकरण स्वीकृति के लिए भेजे गए। इनमें से 13 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करते हुए 31.39 लाख रुपये का ऋण वितरित किया गया।वहीं, डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना अंतर्गत जिले को 18 हितग्राहियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। लक्ष्य पूर्ति के लिए 52 आवेदन बैंक शाखाओं को प्रेषित किए गए, जिनमें से 20 आवेदनों को स्वीकृति मिली और 8.12 लाख रुपये का ऋण वितरण किया गया।दोनों योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, सतत मॉनिटरिंग और बैंक समन्वय के चलते जिले ने निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ण उपलब्धि सुनिश्चित की है। जिला प्रशासन द्वारा पात्र हितग्राहियों को स्व-रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।प्रशासन ने पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे शासन की विभिन्न स्व-रोजगार योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाकर आर्थिक सशक्तिकरण की ओर कदम बढ़ाएं।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक, लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश

डिंडौरी।



कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में जिले में संचालित शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों और जनहित से जुड़े प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत पंकज जैन, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैन, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेंद्र कुमार जाटव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की गहन समीक्षा करते हुए 50 से 100 दिवस से अधिक लंबित मामलों का दो दिवस के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले विभागों को चेतावनी देते हुए प्रति लंबित शिकायत एक हजार रुपये की राशि सैनिक कल्याण (झंडा दिवस) कोष में जमा करने के निर्देश दिए गए।

मनरेगा अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति तेज करने और मजदूरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए, ताकि वर्षा ऋतु से पूर्व सभी कार्य पूर्ण हो सकें। जनप्रतिनिधियों द्वारा भूमिपूजन किए गए विकास कार्यों में भी शीघ्र प्रगति लाने पर बल दिया गया।जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि बंदियों को सिलाई, बढ़ईगिरी, राजमिस्त्री, पेंटिंग तथा गोंडी चित्रकला जैसे रोजगारपरक प्रशिक्षण दिए जाएं, जिससे वे रिहाई के बाद स्वरोजगार से जुड़ सकें।राजस्व अधिकारियों को नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, फौतीनामा, राजस्व वसूली और ई-केवाईसी जैसे प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। धरती आबा योजना, उज्ज्वला योजना तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण से संबंधित शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करने पर जोर दिया गया।पीएम किसान कुसुम सौर ऊर्जा योजना के अंतर्गत किसानों को 3, 5 और 7 एचपी के सोलर पंप उपलब्ध कराने के लिए जनपद स्तर पर क्लस्टर बनाकर सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए। नदी किनारे खेती करने वाले किसानों को प्राथमिकता देने पर भी बल दिया गया।जिला शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित विभागों को स्कूलों में पेयजल, शौचालय, स्वच्छता और विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही हाट-बाजारों में जैविक उत्पादों के नियमित आयोजन पर जोर दिया गया। बैठक में न्यायालयीन प्रकरण, समग्र आईडी, स्वच्छ भारत मिशन, नगरीय निर्माण कार्यों तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। नीति आयोग के निर्देशानुसार 28 जनवरी से 15 अप्रैल 2026 तक संचालित 'संपूर्णता अभियान' के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर देते हुए अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए।

## आकांक्षी विकासखंड बजाग के झिंझरी में पशु स्वास्थ्य एवं टीकाकरण शिविर, 150 से अधिक मवेशियों का उपचार



डिंडौरी।

शासन के 'संपूर्ण अभियान' के अंतर्गत आकांक्षी विकासखंड बजाग के ग्राम झिंझरी में पशु स्वास्थ्य एवं टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के दिशा-निर्देश एवं एसडीएम श्री रामबाबू देवांगन के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन को संक्रामक रोगों से सुरक्षा प्रदान करना और पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन के प्रति जागरूक करना रहा।शिविर में पशुपालन विभाग की टीम ने 150 से अधिक मवेशियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया। खंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्णकांत मरावी सहित विभागीय अमले ने सक्रिय रूप से सेवाएं दीं। शिविर के दौरान गलघोंटू (HS) और एकटंगिया (BQ) जैसे गंभीर रोगों से बचाव हेतु टीकाकरण किया गया। साथ ही कृमि मुक्ति कार्यक्रम के तहत कृमिनाशक दवाओं का वितरण कर पशुओं के पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जरूरी सलाह दी गई।डॉक्टरों ने पशुपालकों को संतुलित आहार, स्वच्छता, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और मौसमी बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। पशुपालकों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए नियमित टीकाकरण के महत्व पर जोर दिया गया।इस अवसर पर एसडीएम श्री देवांगन ने कहा कि पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अहम आधार है और पशुओं का स्वस्थ रहना किसानों की आय से सीधे जुड़ा है। उन्होंने ग्राम स्तर पर शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में पशुपालकों की उपस्थिति रही। ग्रामीणों ने इस पहल को पशुधन संरक्षण और आर्थिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में उपयोगी कदम बताया।

# डिंडौरी में पारंपरिक खेल कबड्डी की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं की तैयारियां पूरी

डिंडौरी।



कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत डिंडौरी द्वारा जारी आदेशानुसार जिले में भारत सरकार की राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA) योजना के अंतर्गत पारंपरिक खेलों के प्रचार और बच्चों में खेल भावना बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न स्तरों पर कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

इस बार प्रतियोगिता 12 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बालक वर्ग के लिए आयोजित की जा रही है। जिले में 52 टीमों ने ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का पंजीकरण किया है। क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिताएं 16 फरवरी से 20 फरवरी तक आयोजित होंगी, जबकि विकासखंड स्तरीय मुकाबले 21 और 22 फरवरी को होंगे। प्रत्येक विकासखंड से सर्वश्रेष्ठ टीम का चयन कर उसे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के साथ-साथ सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता के संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैन को नोडल अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक (सर्व शिक्षा अभियान) को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। विकासखंडों में टीमों का चयन, आयोजन तिथि और स्थल पहले ही निर्धारित किए जा चुके हैं। शहपुरा, समनापुर, करंजिया, डिंडौरी, बजाग, अमरपुर और मेहंदवानी विकासखंडों में निर्धारित स्थानों पर प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।जिला प्रशासन ने प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी है। कबड्डी खेल विशेषज्ञों की मौजूदगी सुनिश्चित कर सभी पहलुओं पर सतत निगरानी की जाएगी। इस पहल से पारंपरिक खेलों को बढ़ावा मिलेगा और बच्चों में खेल के प्रति उत्साह और टीम भावना विकसित होगी।

# ग्राम गीधा में आधार नामांकन व अपडेट शिविर आयोजित, 58 बच्चों के बने नए आधार

डिंडौरी।



कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देश एवं एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन के मार्गदर्शन में आकांक्षी विकासखंड बजाग के ग्राम गीधा में आधार नामांकन एवं मोबाइल नंबर अपडेट शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ई-गवर्नेंस, जिला प्रशासन तथा इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक के संयुक्त सहयोग से 'संपूर्णता अभियान 2.0' के अंतर्गत संपन्न हुआ।शिविर में बच्चों के नवीन आधार कार्ड बनाए गए तथा आधार से मोबाइल नंबर अपडेट करने की सुविधा प्रदान की गई। आयोजन के दौरान 58 बच्चों के नए आधार कार्ड बनाए गए, जबकि 9 हितग्राहियों के मोबाइल नंबर अपडेट किए गए। कार्यक्रम की सफलता में सुपरवाइजर सुश्री तबस्सुम खान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।इस पहल से आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े बच्चों और महिलाओं को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी। आधार से लिंक होने के बाद पात्र हितग्राहियों को पोषण आहार, स्वास्थ्य सेवाएं, प्रारंभिक शिक्षा, बैंकिंग और अन्य वित्तीय सुविधाएं समय पर प्राप्त हो सकेंगी।गर्भवती एवं धात्री माताओं को आवश्यक पोषण और स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित होंगी, वहीं 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को नियमित पोषण आहार, टीकाकरण और वजन मॉनिटरिंग जैसी सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उनके समग्र विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।यह शिविर शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाने की दिशा में एक सार्थक कदम साबित हुआ।

## घर-घर पहुंच रहीं राजस्व सेवाएं, शिविरों से ग्रामीणों को त्वरित राहत

डिंडौरी।



कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बजाग रामबाबू देवांगन के निर्देशन में विकासखंड बजाग के विभिन्न ग्रामों में निरंतर राजस्व शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को उनके गांव में ही राजस्व संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे उन्हें तहसील और न्यायालय के चक्कर लगाने से राहत मिल रही है।शिविरों में अविवादित नामांतरण, अविवादित बटवारा, सीमांकन, राजस्व वसूली, आरओआर ई-केवाईसी, फार्मर रजिस्ट्री, एनपीसीआई तथा गिरदावरी जैसे महत्वपूर्ण कार्य मौके पर ही संपादित किए जा रहे हैं। इससे राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण हो रहा है और पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिल पा रहा है।

आयोजित शिविर में 20 अविवादित नामांतरण, 10 अविवादित बटवारे, 14 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण किया गया। साथ ही 11,800 रुपये की राजस्व वसूली की गई। इसके अतिरिक्त 320 आरओआर ई-केवाईसी, 63 फार्मर रजिस्ट्री तथा 1590 गिरदावरी प्रविष्टियां दर्ज की गईं।इस पहल से ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। अब उन्हें छोटे-छोटे कार्यों के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ रही है, बल्कि गांव में ही त्वरित समाधान मिल रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की इस जनहितैषी व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे अत्यंत लाभकारी बताया है।राजस्व शिविरों के माध्यम से शासन की मंशानुरूप सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास प्रभावी रूप से जारी है, जो सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



## 14 वर्षों बाद सहायक अध्यापक धनीराम मरावी सेवा में बहाल, विभागीय जांच के आदेश

डिंडौरी।

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया द्वारा जारी आदेश के तहत 14 वर्षों से निलंबित सहायक अध्यापक धनीराम मरावी को पुनः सेवा में बहाल कर दिया गया है। उन्हें विकासखंड करंजिया के प्राथमिक शाला कुतरी से स्थानांतरित कर प्राथमिक शाला झिरिया बहरा, संकुल केंद्र गोपालपुर में समान पद एवं वेतनमान पर पदस्थ किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2011 में जनगणना प्रगणक कार्य में लापरवाही तथा समय पर अभिलेख प्रस्तुत न करने के कारण तत्कालीन जिला जनगणना अधिकारी द्वारा उन्हें निलंबित किया गया था। प्रतिवेदन में उल्लेख था कि जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में विलंब से कार्य प्रभावित हुआ। निलंबन अवधि के दौरान उन्होंने निर्धारित मुख्यालय पर नियमित उपस्थिति भी दर्ज नहीं कराई थी।

प्रकरण की विस्तृत समीक्षा में यह तथ्य सामने आया कि उनके विरुद्ध दर्ज आपराधिक मामले में न्यायालय ने धारा 294(ख), 323 एवं 506 में दोषमुक्त किया, जबकि धारा 324 में दी गई सजा अपील में संशोधित कर केवल अर्थदंड में परिवर्तित कर दी गई। वर्तमान में उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है तथा वन्य प्राणी अधिनियम से जुड़े मामले में भी उनका संबंध नहीं पाया गया।सुनवाई के दौरान श्री मरावी ने शपथपत्र प्रस्तुत कर अपनी स्थिति स्पष्ट की। अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित होने तथा लंबी निलंबन अवधि को ध्यान में रखते हुए, नैसर्गिक न्याय और मानवीय दृष्टिकोण के आधार पर जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा पर उन्हें सेवा में पुनर्बहाली का अवसर दिया गया।हालांकि, निलंबन की लंबी अवधि को देखते हुए म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत नियमित विभागीय जांच के आदेश भी जारी किए गए हैं। जिला विभागीय जांच अधिकारी, डिंडौरी को जांच अधिकारी तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी करंजिया को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है।निलंबन अवधि के वेतन-भत्तों का अंतिम निर्णय विभागीय जांच पूर्ण होने के बाद लिया जाएगा। कलेक्टर के इस आदेश से लंबे समय से लंबित प्रकरण का निराकरण हो गया है।

## दुर्गम वनांचल में स्वास्थ्य सेवाओं की नई मिसाल: जल्दा आयुष्मान आरोग्य मंदिर का नेशनल असेसमेंट संपन्न

डिंडोरी।





जिले के आकांक्षी विकासखंड बजाग अंतर्गत सुदूर वनांचल एवं आदिवासी बहुल ग्राम जल्दा में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है। यहाँ स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में भारत सरकार की टीम द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) के तहत नेशनल असेसमेंट किया गया।कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन तथा एसडीएम रामबाबू देवांगन के मार्गदर्शन में यह मूल्यांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों और इंटरनेट व मोबाइल कनेक्टिविटी के अभाव के बावजूद जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

नेशनल असेसर डॉ. परम हंस मिश्रा एवं डॉ. सी. किशोर कुमार ने निर्धारित चेकलिस्ट के आधार पर केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, संसाधनों और व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया।इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडे और नोडल अधिकारी डॉ. मनोज उरैती भी मौजूद रहे। उनके निर्देशन में बीएमओ डॉ. चंद्रशेखर धुर्वे, मेडिकल ऑफिसर डॉ. अर्जुन विश्वास, डॉ. विकास जैन (एबीएफ, नीति आयोग), बीपीएम लल्ला यादव तथा बीईई कांति राव ने व्यवस्थाओं का संचालन किया।मूल्यांकन प्रक्रिया को सफल बनाने में स्थानीय स्वास्थ्य अमले की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। बीसीएम साधना यादव, फार्मासिस्ट शैलेंद्र ठाकुर, सीएचओ सुश्री कुसुम लोधी, एएनएम लक्ष्मी राजपूत और आशा कार्यकर्ताओं ने सीमित संसाधनों के बावजूद उत्कृष्ट समर्पण का परिचय दिया।दुर्गम वनांचल में इस तरह की पहल यह दर्शाती है कि मजबूत प्रशासनिक इच्छाशक्ति और टीमवर्क के माध्यम से आदिवासी क्षेत्रों तक भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावी रूप से पहुंचाई जा सकती हैं।

न्यायालय-श्रीमान् कर्नल सिंह श्याम,
अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
शहपुरा, जिला-डिण्डौरी म.प्र.
उत्तराधिकार प्र.क्र. 05/2025
प्रो.नं. 07/26
पेशी दिनांक 20/02/2026
अंशुल झारिया वगै.
विरूद्ध
शिवनाथ झारिया वगै.
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा-372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925

आवेदक अंशुल झारिया पिता शिवनाथ झारिया, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम बिजौरीमाल थाना व तहसील शहपुरा जिला डिण्डौरी (म.प्र.) द्वारा अनावेदक क्र.-03 आम जनता, जो कि आवेदकगण की माता सरोजबाई पति शिवनाथ के नाम पर अनावेदकगण क्र.-02 मुख्य प्रबंधक महोदय इलाहाबाद बैंक शाखा-कुण्डम पोस्ट थाना व तहसील कुण्डम जिला - जबलपुर म.प्र. के यहॉं कुल मियादी जमा राशि 38,465/- (अडतीस हजार चार सौ पैसठ रुपए) एवं उस पर मिलने वाले लाभांश को प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय से उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन पत्र के संबंध में इस न्यायालय में दिनांक 20.02.2026 को प्रातः 11:00 बजे से सुनवाई होगी।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि उक्त राशि के संबंध में आवेदक एवं अनावेदकगण के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र जारी किए जाने में यदि किसी व्यक्ति, निकाय संस्था या मृतिका से संबंधित अन्य किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो व अपना पक्ष समर्थन इस न्यायालय में दिनांक 20.02.2026 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त दिनांक तक आपत्ति नहीं होने पर आवेदन पत्र की सुनवाई एकपक्षीय रूप से किया जाकर आदेश पारित किया जावेगा।

यदि किसी कारण वश न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

यह आज दिनांक 05.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

(कर्नल सिंह श्याम)
मुद्रा
अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड शहपुरा, जिला-डिण्डौरी म.प्र.

## खबर संक्षेप

### भारत में नहीं दिखेगा आज का सूर्य ग्रहण

**तेंदूखेड़ा।** आज फाल्गुन कृष्ण अमावस्या मंगलवार दिनांक 17 फरवरी को लगने वाला सूर्य ग्रहण भारत में कहीं भी दिखाई नहीं देगा। यह सूर्य ग्रहण दक्षिण अर्जेंटिना चिली दक्षिण अफ्रीका अंटार्कटिका दक्षिणी अमेरिका दक्षिण अफ्रीका अटलांटिक आदि देश में दृश्य होगा। ज्योतिषाचार्य पं प्रमोद पचौरी ने बताया कि ग्रहण एक दृश्य पर्व है जहां दिखाई देता है वहीं उसका शुभ और अशुभ फल होता है और वहीं पर उसका सूतक वैध आदि माना जाता है। भारत में किसी भी प्रकार का सूतक और वैध नहीं माना जाएगा।

### महाशिवरात्रि पर महा आरती का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** महा शिवरात्रि पर नगर मे अनेक स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए, जिसमे बड़े पुल के पास स्थित शिव मंदिर मे आयोजित की गई महा आरती मुख्य आकर्षण का केंद्र रही, जहाँ एक ओर महाआरती ने संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय कर दिया वहीं दूसरी ओर महादेव के श्रंगार ने भक्तों को मन्त्रमुग्ध कर दिया, साथ ही शिव तांडव नृत्य का आयोजन भी किया गया जिसने आयोजन मे चार चाँद लगा दिए, प्रतिवर्ष होने वाले इस कार्यक्रम मे संपूर्ण नगर सें हजारों भक्तों ने पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम की शुरुआत मे पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने कन्याओं का पूजन कर महा आरती का शुभारम्भ किया, इसके अलावा कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप, नगर पालिका अध्यक्ष पंडित नीरज महाराज, पूर्व नपा अध्यक्ष सुनील कोठरी, भाजपा नेता मनमोहन सलूजा, पूर्व पार्षद भगवान दास राय भी आरती मे सम्मिलित हुए। कार्यक्रम स्थल पर हुए सम्मान समारोह मे मुख्य रूप सें पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एन पी प्रजापति शामिल हुए एवं कार्यक्रम मे सहयोग देने वाले कलाकारों को उत्कृष्ठ कार्य हेतु स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं महादेव शिव का पूजन अर्चन किया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से प्रजापति समाज के मुखिया संतोष प्रजापति, जिलाध्यक्ष बलराम प्रजापति, सरपंच कमलेश, अमित प्रजापति, प्रजापति, सुनील प्रजापति, चिरोंजीलाल प्रजापति, रुपकिशोर प्रजापति, नब्बू मनीष प्रजापति एवं बड़ी संख्या मे सामाजिक बंधु एवं नगर के अन्य भक्तजन सम्मिलित हुए।

## स्मैक तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# 3 आरोपियों से 62 ग्राम स्मैक जब्त

जिले मे पुलिस द्वारा दनादन कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक निर्देशन मे बड़े बड़े अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। परन्तु जिले मे फैल रहे सट्टा, जुंआ व शराब के अवैध कारोबार पर पुलिस की नजर सुप्त या पुलिस दोस्ताना निभा रही है। क्योकि बड़े अपराधों पर लगाम लगाने के साथ साथ छोटे अपराधों पर भी अंकुश लगाना अनिवार्य है जिले के प्रत्येक थाना क्षेत्रों मे यह कारोबार बखूबी चल रहे है। पुलिस समाचारों की सुर्खियों बटोरने से ज्यादा अपराधों पर अंकुश लगाने पर केन्द्रित हो तब जिले के लिए कुछ बेहतर हो सकता है। हालाकि सोमवार को पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई गई।



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ विक्रय करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम मे कोतवाली पुलिस द्वारा तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 62 ग्राम स्मैक भी जब्त की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में नशे विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थो को जप्त कर सप्लाई में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। आरोपी भगवान सिंह तंवर निवासी ग्राम बेदर, खिलचीपुर, जिला राजगढ, बनवारी तंवर निवासी ग्राम बेदर,



खिलचीपुर, जिला राजगढ, रामलाल तंवर निवासी ग्राम बेदर, खिलचीपुर, जिला राजगढ से जप्त मादक पदार्थ 62 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 6 लाख रूपए है। आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 8, 21 (बी). 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीवद्ध किया गया।

### मुखबिर से मिली थी सूचना

पुलिस को एक विश्वस्त मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुयी कि कपूरी नहर के कच्चे रास्ते के किनारे एक बाहरी व्यक्ति बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ स्मैक रखे हुए है जो संभवतः बेचने के लिये ग्राहक की तलाश में है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही कर पुलिस अधीक्षक द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में एवं अनु. अधिकारी पुलिस, नरसिंहपुर के नेतृत्व थाना कोतवाली की विशेष टीम का गठन किया गया सूचना तस्दीक कर आरोपी को गिरफ्त में लेने हेतु निर्देश दिए गए। ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए गए। गठित की गयी पुलिस की विशेष टीम द्वारा मुखबिर की सूचना अनुसार उक्त स्थान पर प्रभावी घेराबंदी की गई जिस पर एक व्यक्ति संदेहास्पद स्थिति में दिखाई दिया जो पुलिस टीम को देखकर खेतों में भागने लगा उक्त व्यक्ति को भागता देख पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी करते हुए उसका पीछा किया गया जिसे गिरफ्त में लेकर पूछताछ की गयी।

### स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार

पुलिस द्वारा की गई पूछताछ पर उक्त व्यक्ति ने अपना नाम भगवान सिंह तंवर, निवासी ग्राम बेदर, खिलचीपुर जिला राजगढ होना बताया आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से लगभग 36 ग्राम स्मैक जप्त की गयी है। एक आरोपी पहले ही गिरफ्तार, उसके दूसरे साथी को भी स्मैक सहित पुलिस द्वारा दबोचा गया। मादक पदार्थ स्मैक के साथ गिरफ्तार किए गए आरोपी से गहनता से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने एक अन्य साथी बनवारी तंवर जो कि अपने पास बड़ी मात्रा में अपने पास स्मैक रखे हुए था उसके भी कपूरी तिराहे के आस-पास छिपे होने के संबंध में बताया गया। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा उक्त क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया गया जिस पर बनवारी तंवर अपने एक साथी रामलाल तंवर के साथ टट्टा पुल के पास खैरी नरसिंहपुर तरफ से गिरफ्त में लेने में सफलता प्राप्त हुई। आरोपी बनवारी तंवर की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से लगभग 26 ग्राम स्मैक जप्त की गयी है।

### पुलिस की कार्यनीति खराब या नियत

पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व मे पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई की जा रही है। जिसमें बड़े - बड़े आरोपियों को भी सलाखों के पीछे पहुंचाया जा रहा है। परन्तु पुलिस की कार्यनीति पर सवाल तब खड़े होते है जब बड़े आरोपियों को खोज कर पकड़ लेती है और छोटे आरोपी बच निकलते है। पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई सराहनीय है लेकिन सवाल यह भी है। पुलिस छोटे अपराधियों को पकड़ना नही चाहती है या फिर छोटे अपराधी पुलिस से ज्यादा चालाक है। क्योकि छोटे अपराधी सट्टा, जुंआ व शराब का कारोबार कर समाज को बर्बाद करने मे जुटे हुए है। पुलिस का नैतिक धर्म है कि इन आरोपियों को भी हवालात का रास्ता दिखाए और ऐसा हो नही रहा है। जिससे लोगों द्वारा कहा जाता है कि पुलिस सट्टा, जुंआ व शराब कारोबारियों से दोस्ताना निभा रही है। जिले मे सैकड़ों गांव सट्टे का मकड़जाल फैला हुआ है पुलिस की इन पर कब नजर पड़ेगी। थाना क्षेत्र कोतवाली, स्टेशनगंज, मुंगवानी, ठेमी, गोटेगांव, सुआतला, करेली सहित भी थाना क्षेत्रों मे धड़ल्ले से सट्टे का कारोबार चल रहा है परन्तु सटोरिए पुलिस की गिरफ्त नही आ रहे है। पुलिस को चाहिए की ठोस कार्रवाई करते जिससे पुलिस पर लोगों का विश्वास कायम रह सके। हालाकि पुलिस की भी नीति बनती जा रही है। कि बड़े आरोपियों को पकड़ों जिसका पत्रकार वार्ता कर खुलासा किया जा सके और अखबार, टीवी एवं सोशल मीडिया पर फोटो के साथ प्रचार प्रसार हो। परन्तु पुलिस को यह समझना चाहिए कि समाज में फैल रहे इन अपराधों पर भी अंकुश लगाना जरूरी है।

## शमशान घाट दुरूस्तीकरण की मांग, अहिरवार समाज ने सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सोमवार को अहिरवार समाज संघ ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर नगरपालिका क्षेत्र में स्थित शमशान घाट का रास्ता खुलवाने और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। समाज के प्रतिनिधि रंजीत कुमार चौधरी ने बताया कि शहर के महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड की सीमा में दर्ज उक्त शमशान घाट पर वर्ष 1950 से चैधरी अहिरवार समाज के लोगों द्वारा दफन एवं दाह संस्कार किया जाता रहा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पूर्व में शमशान घाट पर अतिक्रमण था, जिसे समाज के सहयोग से प्रशासनिक कार्रवाई के बाद हटाया गया। इसके पश्चात यहां तार बाउंड्री कराई गई तथा जनप्रतिनिधियों की मदद से हैंडपंप और दाह संस्कार के लिए एक शेड का निर्माण कराया गया। वर्तमान में यह शमशान



घाट अन्य किसी समाज द्वारा उपयोग में नहीं लाया जा रहा है। समाज का कहना है कि शमशान घाट तक पहुंचने के लिए कोई समुचित मार्ग नहीं है, जिससे अर्थी ले जाने में भारी परेशानी होती है। कई बार शवों को शहर के बीचों-बीच ट्रैफिक पार कर अन्य ग्रामों के शमशान घाटों तक ले जाना पड़ता है, जिससे परिजनों और क्षेत्रवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कामथ वार्ड पार्षद गुडडा साहू, महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड पार्षद रानी चैधरी, भगत सिंह वार्ड और मुशरान वार्ड पार्षद अनुराधा नामदेव से चर्चा और सहमति के बाद ज्ञापन में मांग की गई कि पूर्व निर्मित शेड का मरम्मत कार्य कराया जाए। अत्येष्टि हेतु दो अतिरिक्त शेड का निर्माण कराया जाए। नगरपालिका परिषद में शव वाहनों की संख्या बढ़ाई जाए। मुक्तिधाम में सूखी लकड़ी के भंडारण के लिए पक्के कक्ष का निर्माण कराया जाए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि गुरु रविदास सेवा समिति नरसिंहपुर द्वारा पूर्व में भी मुक्तिधाम में सुधार को लेकर कई बार पत्राचार किया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। समाज ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर नगर क्षेत्र के सार्वजनिक मुक्तिधाम को सभी नागरिकों के लिए सुगम और सुविधायुक्त बनाने की मांग की है। ज्ञापन में समाजसेवी सुनील कोठारी, विपिन बैरागी, विमल बानगात्री सहित अहिरवार समाज के सभी सामाजिक बंधु, पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सामाजिक एकता, शिक्षा व सामुदायिक मिलन केंद्र के रूप में साहू समाज कार्यालय का शुभारंभ

**गोटेगांव।** साहू समाज उत्थान मंडल गोटेगांव द्वारा ब्लॉक स्तरीय साहू समाज कार्यालय का शुभारंभ स्टेशन रोड, ठाकुर बाबा वार्ड स्थित सेवानिवृत्त शिक्षक भगवानदास बीडी साहू के निवास पर किया गया।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भगवानदास साहू सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से मां कर्मा देवी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजन-अर्चन एवं आरती की।

वरिष्ठजनों ने बताया कि कार्यालय का उद्देश्य आगामी मां कर्मा देवी जयंती महोत्सव को भव्य स्वरूप देना, सामाजिक एकजुटता बढ़ाना, शिक्षा को प्रोत्साहन देना तथा इसे सामुदायिक मिलन केंद्र के रूप में विकसित करना है। यहां समाज के बुजुर्ग, युवा एवं प्रतिष्ठितजन नियमित रूप से एकत्रित होकर सामाजिक सुधार, विकास एवं जरूरतमंदों की सहायता पर चर्चा करेंगे।इस अवसर पर खेमलाल साहू, भोला साहू, दिलीप साहू, घनश्याम साहू, पवन साहू, प्रदीप साहू, सुनील साहू, दुलीचंद आईता साहू, पत्रकार आशीष साहू, श्रीमती साधना साहू, विनीता साहू सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता संघ ने सौंपे दो ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** सोमवार को जिला अधिवक्ता संघ ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम दो अलग-अलग ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर देवंती परते को सौंपे। अधिवक्ताओं ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने और तहसील न्यायालय के स्थानांतरण का विरोध किया। कलेक्टर को दिए ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने तहसील न्यायालय को वर्तमान स्थान से दूर स्थानांतरित करने का कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि न्यायालय का कलेक्टर कार्यालय, सिविल न्यायालय और अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के समीप होना वादकारियों और अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए आवश्यक है। दूर स्थानांतरण से न्यायिक कार्य प्रभावित होंगे और पक्षकारों को परेशानी होगी। संघ ने सुझाव दिया कि तहसील कार्यालय से लगे उन भवनों में न्यायालयीन कार्य पुनः शुरू किए जा सकते हैं, जहां पहले तहसील संचालित होती थी। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम दिए गए दूसरे ज्ञापन में जिला अधिवक्ता संघ ने 14 फरवरी को शिवपुरी जिले में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की गोली मारकर की गई हत्या की कड़ी निंदा की। संघ ने बताया कि प्रदेश में अधिवक्ताओं पर लगातार हमले हो रहे हैं, जिससे अधिवक्ता समुदाय में भय और आक्रोश का माहौल है। संघ ने मांग की कि घटना की निष्पक्ष और शीघ्र जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही, मृतक अधिवक्ता के परिजनों को आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी प्रदान की जाए। अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू किया जाए। जिला अधिवक्ता संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेशभर के अधिवक्ता आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



### साईं मंदिर में श्रद्धापूर्वक रुद्राभिषेक संपन्न

**गोटेगांव।** जागृति नगर स्थित साईं मंदिर में पावन महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा वातावरण 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। विद्वान पंडित अरविंद त्रिपाठी के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान शिव का विधि-विधान से अभिषेक एवं पूजन-अर्चन किया गया। भक्तों ने दुग्ध, जल, बेलपत्र एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर भगवान आशुतोष से सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की। मंदिर समिति के अध्यक्ष हुकम पटेल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत गाजे-बाजे के साथ भव्य विसर्जन यात्रा निकाली गई, जिसमें भक्तगण भक्ति भाव से झूमते नजर आए। अंत में महाप्रसाद वितरण किया गया।यह आयोजन क्षेत्र में आस्था, सामाजिक समरसता और धार्मिक परंपराओं के संरक्षण का प्रेरक उदाहरण बनकर उभरा।

## विभिन्न वार्डों से निकली शिव जी की बारात





**तेंदूखेड़ा** देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ शिव शंकर की पूजन का महापर्व महाशिवरात्रि पर्व पर संपूर्ण क्षेत्र शिवमय बना रहा। वहीं नगर के शिवालयों में दिन भर शिवाभिषेक पूजन चलते रहे।अधिकांश स्थानों पर रात्रि जागरण कर शिवाभिषेक संपन्न हुआ। वहीं भजन कीर्तन भी आयोजित किए गए।नगर के वार्ड क्रमांक 8 9 10 और 12 से भगवान भोलेनाथ की बारात नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई जिसमें नगर के सभी वर्गों के लोगों ने भाग लिया। नृत्य नारियों के नृत्य राधा कृष्ण की सजीव नृत्य जनाकर्षण के केंद्र बने रहे बड़ी संख्या में छोटे छोटे बच्चों द्वारा डी जे और ढोलो पर डांस से अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला।अखंड रामायण सीताराम नाम संकीर्तन चला।

तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में भी महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाई गई। ग्राम डोभी में महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गई। ज्ञानभूमि स्कूल परिसर में विधि-विधान से पूजन अर्चन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे। ग्राम के शिवालयों में साज सज्जा की गई। पूजन अर्चन अभिषेक हुआ।

## महिला नसबंदी शिविर में 30 ऑपरेशन सफल



नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत महिला नसबंदी शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा निःशुल्क एलटीटी (लैप्रोस्कोपिक ट्यूबल लिगेशन) ऑपरेशन किए गए।सीबीएमओ डॉ. एस.एस. धुर्वे ने बताया कि शिविर में कुल 30 महिला हितग्राहियों के सफल ऑपरेशन किए गए। क्लिनिकल आउटरीच टीम के माध्यम से आयोजित इस शिविर का उद्देश्य परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा।

# तेंदूखेडा को जरुरत है बालिका छात्रावास की

**तेंदूखेडा-** दिनों दिन छात्राओं की बढ़ती संख्या और प्रतिदिन आवागमन की समस्या को देखते हुए तीन जिलों की सीमाओं पर स्थित तेंदूखेडा में बालिका छात्रावास की महती आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। यदि पिछले आंकड़े उठाकर देखें तो तेंदूखेडा में आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग तीन सौ से चार सौ छात्रायें हाईस्कूल और उच्च शिक्षा ग्रहण करने 10 से 25 किमी दूर बाहर से यहाँ पर लगभग 225 से अधिक छात्राएं बाहर से आकर शिक्षा ग्रहण किया करती है । एक परिसर शाला के हिसाब से यहां पर कक्षा छठवीं से बारहवीं तक 800से अधिक छात्राएं शामिल हैं। इनमें मिडिल स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा 6 से 8 में लगभग 187 छात्रायें शामिल हैं जिनमें पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति वर्ग और अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्रायें है। इसी तरह से हाईस्कूल स्तर पर लगभग 600 से अधिक छात्रायें है जिनमें पिछड़ा वर्ग की अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की छात्रायें शामिल हैं। इसी तरह से शासकीय महाविद्यालय में तीनों सेमेस्टरों में 250 से भी अधिक छात्रायें तीनों वर्ग की शामिल हैं। जो बाहर से आना जाना किया करतीं हैं। सुबह स्कूल कालेज मिलाने से लेकर टाइमिंग यात्री बसों को मिलाने के लिए इन छात्राओं को अपनी दैनिक सभी गतिविधियों से निवृत्त होकर आना फिर वापस लौटना फिर बसों में उन सभी परस्थितियों का सामना करना जो सफर के दौरान देखने मिला करतीं हैं । इतना ही नहीं तेंदूखेड़ा के बस स्टैंड से इन छात्राओं को एक से डेढ़ किमी दूर पैदल जाना पड़ता है। और वापस लौट कर आना पड़ता है।छुट्टी के बाद शाम को वापस जाने के बाद छात्रायें प्रायः थक जाती है। और सर्दियों के दिनों में ज्यादा परेशानी हुआ करती है।इन सभी झंझावतों से बचने के लिए तहसील मुख्यालय तेंदूखेडा में शासकीय प्री मैट्रिक हरिजन आदवासी पिछडा वर्ग छात्रावास की महती आवश्यकता है। जिसमें छात्राओं को यहाँ रहने के लिए व्यवस्था बन सके इस व्यवस्था से जहाँ प्रतिदिन आने जाने की समस्या से छुटकारा मिल सकेगा वहीं पालक वर्ग की समस्या भी खत्म होने के साथ चिंता भी मिट जायेगी। इस विषय को काफी लंबे समय से क्षेत्रीय लोगो द्वारा मांग भी रखी जा रही है लेकिन अभी तक निराकरण ना हो पाना सोचनीय विषय बना हुआ है।आने वाले बजट में तेंदूखेड़ा में सर्वसुविधायुक्त प्री मेट्रिक छात्रावास खोले जाने राशि का प्रावधान सुनिश्चित किया जाए।